लोहरदगा में 33वाँ प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2022 को झारखंड के लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में चल रहे तीन दिवसीय 33वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता समारोह का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ओवरऑल चैंपियन रहा।

प्रमुख बिंदु

- 33वाँ प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र लोहरदगा के कमलेश उराँव ने व्यक्तिगत रूप से तीन स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ एथलीट बनने का गौरव प्राप्त किया।
- खो-खो प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर चाईबासा, शिशु मंदिर लोहरदगा व सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हार टोली क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, बालिका वर्ग से सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा, सरस्वती शिशु मंदिर भरनो व सरस्वती शिशु मंदिर हज़ारीबाग क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।
- 400 मीटर रिले दौड़ में बालक वर्ग से सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा, सरस्वती शिशु मंदिर सिकिदि बोना व सरस्वती शिशु मंदिर सिदिरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा प्रथम, द्वितीय खलारी व तृतीय राजकमल रहे।
- कबड्डी में बालिका वर्ग से सरस्वती शिशु मंदिर चांपी, बाघमारा व बोकारो 9 डी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। गोला फेंक में बालिका वर्ग से डकरा की ज्योति, चाईबासा की अंजलि व मेदिनीनगर की आयुषी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/33rd-provincial-child-class-sports-competition-ends-in-lohardaga